Mail
स्मार पत्र

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 17 विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016 11198

प्रेषक,

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

1. **M/s IIC Technology,**
   Hydrabad.
2. **M/s IL&FS Environmental Infrastructure Service Ltd.**
   New Delhi.
3. **GIS Consortium Ltd.**
   New Delhi.

पटना, दिनांक : 13/11/2020

विषय :– प्रथम चरण में विशेष सर्वेक्षण हेतु चयनित 20 जिलों में ई0टी0एस0 एवं मानवबल उपलब्ध कराने संबंधी कार्य योजना उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक–11095 दिनांक–29.10.2020 एवं पत्रांक–11169 दिनांक–09.11.2020

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयक पत्रों द्वारा दिये गए निम्न निदेशों का कृपया स्मरण करें :–

1. प्रथम चरण में चयनित जिला में एजेंसी द्वारा आवश्यक उपकरण एवं मानवबल सहित कार्यालय की स्थापना।
2. सभी संबंधित शिविरों में राजस्व ग्रामवार A4 साइज में ऑर्थोमैप की आपूर्ति, जिसमें मुश्तकिल एवं त्रिसीमाना कॉर्डिनेट सहित दर्शाया गया हो, ताकि अमीनों द्वारा विधिवत अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।
3. सभी विशेष सर्वेक्षण शिविरों के लिए आवश्यक कुल मानवबल एवं संसाधन की कम से कम 80 प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित कराना।

इसके अतिरिक्त निदेशालय के पत्रांक–11169 दिनांक–09.11.2020 द्वारा यह भी निदेशित किया गया था कि ग्रामवार ई0टी0एस0 एवं मानवबल को कार्यरत करने संबंधी कार्य योजना (Deployment Plan) पत्र प्राप्ति के साथ निदेशालय को उपलब्ध कराया जाए ताकि दिनांक–12.11.2020 से सर्वेक्षण शिविरों में होने वाले कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो सके।

परन्तु अद्यतन आपके स्तर से निदेशों के अनुपालन के संबंधी कोई भी प्रतिवेदन निदेशालय को प्राप्त नहीं है। उल्लेखनीय है कि आपके स्तर से कर्त्तव्य पालन नहीं करने के कारण विशेष सर्वेक्षण का कार्य अवरूद्ध है और नियोजित कर्मी बिना कार्य के जिलों में कार्यरत है और इससे सरकार को आर्थिक क्षति पहुँच रही है।

अतः निदेश है कि दिये गए निदेश का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के साथ निदेशालय को उपलब्ध करायी जाए।

इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन

13/11/20

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

कृ0पृ0उ0

D:\Drive - D\Year 2020\Birendra Sir\Director\File No. 319-2016 Dated 13-11-2020 Reminder.doc

ज्ञापांकः – 17 विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016 ....11198....... **पटना, दिनांक :–**..13/11/2020

प्रतिलिपिः– समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण, बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17 विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016 ....11198....... **पटना, दिनांक :–**..13/11/2020

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी पदाधिकारी, बंदोबस्त/सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी (मु0), बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल, शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ, सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, पं0 चंपारण, बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17 विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016 ....11198....... **पटना, दिनांक :–**..13/11/2020

प्रतिलिपिः– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना/संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17 विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016 ....11198....... **पटना, दिनांक :–**..13/11/2020

प्रतिलिपि :– राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जिलों के लिए प्राधिकृत सभी वरीय नोडल पदाधिकारी/निदेशालय स्तर से जिलों के लिए प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17 विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016 ....11198....... **पटना, दिनांक :–**..13/11/2020

प्रतिलिपि :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17 विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016 ....11198....... **पटना, दिनांक :–**..13/11/2020

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
13/11/20